web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 28 जून 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-266

## जी-20 समिट में भाग लेने ओसाका पहुंचे पीएम मोदी

### ट्रंप समेत कई बड़े नेताओं से करेंगे मुलाकात



**ओसाका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'जी 20' शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को जापान के ओसाका शहर पहुंच गए। जी 20 शिखर सम्मेलन 27 से 29 जून तक यहां आयोजित हो रहा है। यूरोपीय यूनियन समेत 19 देश इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इस बार शिखर सम्मेलन का विषय 'ह्यूमन सेंट्रड फ्यूचर सोसायटी' है। इस दौरान उनकी मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई वैश्विक नेताओं से होगी।

मोदी ने कानसाई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद ट्वीट करके जी 20 सम्मेलन में भाग लेने के जापान पहुंचने की जानकारी दी। उन्होंने जापान पहुंचने पर भारतीय समुदाय के गर्मजोशी से उनका स्वागत करने के लिए आभार व्यक्त किया। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में उपस्थित भारतीय समुदाय के लोगों ने 'मोदी-मोदी'के नारे लगाकर उनका भव्य स्वागत किया। मोदी ने भी वहां मौजूद भारतीय का हाथ हिलाकर अभिवान किया।

इससे पहले जी 20 शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले मोदी ने कहा महिला सशक्तीकरण, डिजिटलाइजेशन और जलवायु परिवर्तन जैसी प्रमुख चुनौतियों का समाधान इस बैठक के मुख्य मुद्दा होंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक नेताओं के साथ दुनिया की प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा के लिए के लिए वह उत्सुक हैं।

जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अलावा विश्व के कई प्रमुख नेताओं से मुलाकात करेंगे। मोदी कल ट्रंप और जापान के प्रधानमंत्री शिंजे आबे के साथ त्रिपक्षीय वार्ता करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट आप के बागी विधायक देवेंद्र सहरावत की याचिका पर शुक्रवार को करेगा सुनवाई



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के बागी विधायक देवेन्दर सहरावत को दल बदल कानून के तहत विधान सभा सचिवालय से मिले नोटिस को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। लोक सभा चुनावों से पहले सहरावत के कथित रूप से भाजपा में शामिल होने के कारण विधान सभा सचिवालय ने उन्हें यह नोटिस दिया है। इस विधायक का दावा है कि उसने अभी तक भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण नहीं की है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बी आर गवई की अवकाश पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सोली सोराबजी ने गुरुवार को देवेन्दर सहरावत की याचिका का उल्लेख किया। पीठ ने कहा कि याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की जायेगी। पीठ ने सोराबजी से कहा कि याचिका की प्रति दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी सहित सभी पक्षकारों को दी जाये। आप ने दल बदल कानून के तहत देवेन्दर सहरावत और अनिल बाजपेयी को अयोग्य घोषित करने के लिये याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि ये दोनों सदस्य भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये हैं। इसके बाद विधान सभा सचिवालय ने सहरावत के अलावा आप के एक अन्य विद्रोही विधायक अनिल बाजपेयी को भी नोटिस जारी किया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पक्षी से टकराया लड़ाकू विमान जगुआर

#### इंजन फेल होने पर कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

**अंबाला (आरएनएस)।** हरियाणा के अंबाला में स्थित एयरबेस से आज सुबह उड़े एक जगुआर विमान से पक्षी टकरा गया। इसके बाद विमान की आपात लैंडिग करानी पड़ी है। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पायलट सुरक्षित है। मिली जानकारी के मुताबिक, पक्षी के टकराने के बाद विमान का इंजन फेल हो गया, इसके बाद पायलट द्वारा इंजन बंद कर दिया गया। इंजन फेल होने के बाद विमान की पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग कराई। सूत्रों के अनुसार, विमान से कुछ प्रैक्टिस बम भी मिले हैं। आपको बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि जब एयरफोर्स का जगुआर विमान इस तरह से दुर्घनटनाग्रस्त हुआ हो। हाल ही में गुजरात के कच्छ जिले में एक जगुआर एयरक्राफ्ट हादसे का शिकार हो गया था। एयरक्राफ्ट ने जामनगर से उड़ान भरी थी। हादसे में पायलट संजय चौहान शहीद हो गए। संजय चौहान वायुसेना में एयर कमोडोर के पद पर थे। जगुआर ने रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान जामनगर से सुबह करीब 10.30 बजे उड़ान भरी थी। विमान हादसा इतना बड़ा था कि उसका मलबा कई किलोमीटर तक फैल गया।

### भारत द्वारा शुल्क वृद्धि स्वीकार्य नहीं : ट्रंप

**ओसाका,जापा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क वृद्धि को अस्वीकार्य बताया और इसे वापस लेने की मांग की। जी-20 सम्मेलन से पहले ट्रंप ने ट्वीट किया, मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी से उन मुद्दों पर मिलने के लिए उत्साहित हूं जिनके अनुसार, अमेरिका पर कई सालों से बहुत ज्यादा शुल्क लगाया गया है, और हाल ही में शुल्कों को और ज्यादा बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा, यह अस्वीकार्य है। शुल्क को कम करना होगा।

### विकास चौधरी की हत्या शर्मनाक :सुरजेवाला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने हरियाणा में पार्टी नेता विकास चौधरी की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए इसकी निष्पक्ष जांच और दोषियों को सजा देने की मांग की है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में पार्टी प्रवक्ता विकास चौधरी की हत्या पर दुख करते हुए कहा, फरीदाबाद में कांग्रेस प्रवक्ता और नेता विकास चौधरी की दिन-दहाड़े गोली मार कर हत्या की ख़बर अत्यंत दुःखद है। यह कायराना हरकत घोर निन्दनीय एवं शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी एवं मेरी ओर से उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ है। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे। उन्होंने हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी सरकार की आलोचना करते हुए कहा, भाजपा राज में प्रदेश गुंडाराज एवं संगठित अपराध का गढ़ बन गया है। कानून व्वस्था तार-तार हो चुकी है, गुंडे-बदमाशों और अराजक तत्वों का बोल बाला है। इस माहौल की दोषी सिर्फ खट्टर सरकार ही है। विकास चौधरी पर हमले की निष्पक्ष जॉच हो और भाजपा सरकार आरोपियों को क़ानूनी सज़ा दिलवाए। गौरतलब है कि विकास चौधरी की आज सुबह फरीदाबाद में उस समय हत्या कर दी गयी जब वह एक जिम से निकल रहे थे।

### जनहित याचिका पर अब पांच सीनियर जस्टिस करेंगे सुनवाई

#### » सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बड़ा फैसला किया है. इस फैसले के मुताबिक अब पांच सीनियर मोस्ट जज जनहित याचिका पर सुनवाई करेंगे. इसको लेकर पिछले काफी दिनों से बहस चल रही है. इससे पहले पूर्व सीजेआई दीपक मिश्रा खुद पीआईएल सुनते थे. वर्तमान सीजेआई गोगोई ने इससे पहले रोस्टर में अपने अलावा दूसरे नंबर के जज को पीआईएल सुनने के लिए तय किया था. 1 जुलाई से नया रोस्टर लागू होगा.

## अनंतनाग में पकड़ा गया घायल आतंकवादी, एक का शव बरामद

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों को एक आतंकी का शव मिला है और दूसरे को घायल अवस्था में पकड़ लिया है। पुलिस ने गुरुवार को इसकी सूचना दी। पुलिस ने कहा कि बिजबेहरा इलाके के सिर्हामा गांव से बुधवार की शाम को आदिल अहमद का शव बरामद किया गया और दूसरे आतंकी आरिफ भट को सुरक्षा बल ने धर दबोचा है।

सुरक्षा बलों द्वारा किसी भी ऑपरेशन में किसी आतंकी के मारे जाने या घायल होने के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। पुलिस सूत्रों ने हालांकि यह कहा है कि बाद में आदिल अहमद के संगठन में शामिल होने को लेकर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी)और अंसर गजावत-उल-हिंद के बीच एक विवाद चल रहा था।

सूत्रों ने कहा, खबरें इस बात की ओर इशारा करती हैं कि एलईटी चाहता था कि वह उन हथियारों को लौटा दे जिन्हें संगठन द्वारा उसे दिया गया था। गोली लगने से हुई उसकी मौत और भट को चोट लगना इन गिरोहों के प्रतिद्वंदिता का परिणाम है। घटना के विस्तृत जानकारी के बारे में आधिकारिक बयान के आने का अभी इंतजार है हालांकि सुरक्षा बलों द्वारा किसी भी ऑपरेशन में आदिल की हत्या और आरिफ के चोट लगने की बात से फिलहाल इंकार किया गया है।

## शहीद इंस्पेक्टर अरशद खान के परिजनों से मिले शाह



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आतंकवादी हमले में शहीद हुए अनंतनाग सदर के थाना अध्यक्ष के परिजनों से गुरुवार को मुलाकात करके संवेदना व्यक्त की। शाह गृह मंत्री बनने के बाद पहली बार दो दिन के जम्मू-कश्मीर के दौरे पर कल यहां पहुंचे थे। उन्होंने खान के परिवार वालों से उनके घर जाकर भेंट की।

गौरतलब है कि 12 जून की शाम को मोटरसाइकिल सवार आतंकवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के गश्ती दल पर हमला कर दिया था। यह आतंकवादी हमला अनंतनाग बस स्टैंड के निकट के पी रोड पर हुआ। हमले में सीआरपीएफ के पांच जवान शहीद और कई अन्य घायल हुए थे। अरशद खान इस हमले में घायल हो गए थे और इलाज के लिए दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) लाया गया था किंतु उपचार से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई थी।

राज्य के दौरे के दौरान शाह अमरनाथ गुफा के दर्शन भी करने जायेंगे। शाह ने सुरक्षा के मसले पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में सभी सुरक्षा एजेंसियों से आतंकवादियों और उपद्रवियों के खिलाफ कठोर रवैया अपनाये रखने की हिदायत दी। गृहमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों को अमरनाथ यात्रियों पर किसी तरह के आतंकवादी हमले या खतरे को टालने के लिए सभी संवेदनशील तथा घुसपैठ की आशंका वाले बिंदुओं पर सुरक्षा-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरु होनी है। शाह के जम्मू-कश्मीर के दौरे की विशेषता यह रही कि अलगाववादी संगठनों की ओर से बुधवार को बंद का आह्वान नहीं किया गया।

## झारखंड में हुए दो हादसों में जिगित्जा हेल्थकेयर ने 70 से अधिक लोगों को बचाया

### गढ़वा और छत्रा में हुई बस की टक्करों में 70 लोगों को जीवित बचाया गया



**झारखंड (आरएनएस)।** जिगित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड ने झारखंड में दो स्थानों पर हुए भीषण सड़क हादसों पर समय पर चिकित्सा की सुविधा मुहैया करवा कर 70 से अधिक लोगों की जान बचाई है। झारखंड के गरवा और छत्रा से दो बस की दुर्घटनाओं की खबर आज सुबह आई। कंपनी राज्य में 108 हेल्पलाइन सेवा के जरिए सेवा मुहैया करवा रही है। कंपनी को पहली आपातकालीन कॉल मिलने के 15 मिनट के अंदर ही 17 एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई। घायल लोगों को तुरंत ही अस्पताल भिजवाया गया ताकि एक्सीडेंट के बाद के सबसे महत्वपूर्ण पहले घंटे गोल्डल ऑवर में उनका इलाज शुरू हो सके। तकरीबन 50 लोगों ने बिना थके आपातकालीन मेडिकल एड मुहैया करवाई ताकि घायल लोगों की स्थिति को स्थिर किया जा सके। गरवा जिले में खड्डु में बस गिरने के कारण 12 व्यक्तियों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। यह बस झारखंड के गरवा से छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर जा रही थी और अनुराजघाटी के करीब दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रांची स्थित एस सीडीसी को सुबह तकरीबन 2.20 पर कॉल मिली और 15 मिनट में दल घटनास्थल पर पहुंच गया व घायलों को बचाने में जुट गया। दल ने बस के शीशे तोड़कर मुसाफिरों को बाहर निकाला और घायलों को गरवा, अम्बिकापुर और बिशरमपुर के जिला अस्पतालों में पहुंचाया। चार एम्बुलेंस के जरिए घायलों को

रांची के जिला अस्पतालों में भेजा गया जिन्हें स्पेशलाइजिड मेडिकल एड की जरूरत थी।

दूसरा हादसा झारखंड के छत्रा जिले में हुआ जिसमें बस पलट जाने के कारण 20 व्यक्ति घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने हेल्पलाइन 108 पर फोन किया जिसका दल तेजी से घटनास्थल पर पहुंचा और घायलों को रांची के आरआईएमएस अस्पताल पहुंचाया। दोनों ही हादसों के समय पर समय से मदद दी गई।

## हैज़ा के टीके के लिए हिलेमन, भारत बायोटेक के बीच समझौता

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** हैजा (कोलेरा) का टीका बनाने के लिए हिलेमन लैबोरेटरीज ने भारत बायोटेक इंटरनेशनल के साथ बुधवार को साझेदारी का एलान किया। हिलेमन लैबोरेटरीज ने एक बयान में कहा कि देश में हैजा रोग से निजात दिलाने के लिए उसने प्रभावी व सस्ता टीका बनाने के लिए भारत बायोटेक इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की है। इस टीके को हिलकोल नाम दिया गया है।

हिलेमन लैबोरेटरीज के सीईओ डॉ. देविंदर गिल ने कहा कि इस पर दो चरणों का परीक्षण बांग्लादेश में हो चुका है और अब वह इस पर भारत में परीक्षण करना चाहते हैं। हैजा एक एक्यूट डायरिया संक्रमण है, जो विब्रियो कोलेरा नामक बैक्टीरिया के कारण होता है।कंपनी के अनुसार, भारत में 30 फीसदी आबादी यानी 37.5 करोड़ लोगों को हैजे के प्रकोप का खतरा बना रहता है।

## अमेरिकी सीनेट ने सीमा के लिए अतिरिक्त 4.5 अरब डॉलर मंजूर किए

**वॉशिंगटन।** रिपब्लिकन नियंत्रित अमेरिकी सीनेट ने अमेरिका-मेक्सिको सीमा के लिए 4.5 अरब डॉलर की अतिरिक्त धनराशि की मंजूरी संबंधी एक बिल पास कर दिया है, लेकिन यह बिल इससे पहले हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स द्वारा पारित किए गए फंडिंग बिल के मुख्य बिंदुओं से अलग है। एफे की रिपोर्ट के मुताबिक, सीनेटर्स ने बुधवार को 84-4 वोटों से इस बिल को पास कर दिया, जिसमें हिरासत में लिए गए बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों की स्थिति को सुधारने के लिए मानवीय मदद के लिए तीन अरब डॉलर भी शामिल है।

पास किया गया बिल हालांकि, कई मामलों में पिछले बिल के समान है, लेकिन इसमें रक्षा विभाग को अतिरिक्त धनराशि दिए जाने के साथ ही आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन कर्मियों को ओवरटाइम का भुगतान करने के लिए फंड शामिल नहीं किया गया है। प्रस्ताव में एल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला और हॉन्डुरस के लिए भी धन बहाल कर दिया गया है जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन देशों से प्रवासियों के लगातार प्रवाह के बाद रद्द कर दिया था।

## अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी पाकिस्तान पहुंचे



**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी प्रधानमंत्री इमरान खान के आमंत्रण पर गुरुवार को दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर पाकिस्तान पहुंचे। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उनके साथ प्रमुख मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों समेत उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल आया है। राष्ट्रपति गनी इस दौरान यहां इमरान खान और अपने पाकिस्तानी समकक्ष आरिफ अल्वी से बात करेंगे। दोनों पक्षों के बीच वार्ता का मुख्य केंद्र राजनीति, व्यापार, आर्थिक, सुरक्षा, शांति और सुलह, शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तिगत आदान-प्रदान जैसे विभिन्न मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर होगा।

गनी शुक्रवार को लाहौर जाएंगे जहां वे एक व्यापारिक फोरम में शामिल होंगे। इस फोरम में दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। लाहौर में वे मुगल कालीन बादशाही मस्जिद में नमाज भी अदा करेंगे। गनी का यह तीसरा पाकिस्तान दौरा है और प्रसिद्ध अफगानिस्तान - पाकिस्तान एक्शन प्लान फॉर पीस एंड सॉलिडेरिटी (एपीएपीपीएसके हाल ही में हुए पहले समीक्षा सत्र के बाद हुआ है। राष्ट्रपति गनी इससे पहले नवंबर 2014 में पाकिस्तान दौरे पर आए थे और इसके बाद दिसंबर 2015 में इस्लामाबाद में हार्ट ऑफ एशिया - इस्तांबुल प्रोसेस (एचओए) मंत्रीस्तरीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आए थे। गनी यह दौरा ऐसे समय में कर रहे हैं जब अमेरिका और तालिबान के बीच सातवें चरण की शांति वार्ता शनिवार को प्रस्तावित है। फिलहाल वार्ता स्थल की जानकारी नहीं है।

## हरियाणा कांग्रेस प्रवक्ता विकास चौधरी की गोली मारकर हत्या

**फरीदाबाद (आरएनएस)।** हरियाणा के फरीदाबाद में आज सुबह कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विकास चौधरी को दो अज्ञात लोगों ने गोलियों से भून कर मार डाला। बदमाशों ने जब इस वारदात को अंजाम दिया उस समय विकास चौधरी जिम से एक्सरसाइज करके निकल थे। दो हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी।

सेक्टर-9 में हमलावरों ने विकास चौधरी को 8 से 10 गोलियां मारी। विकास को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौके से 12 खोखे बरामद हुए हैं। दिन दाहड़े हुई इस हत्या के बाद फरीदाबाद पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, विकास चौधरी पर दो हमलावरों ने फायरिंग की है।

फायरिंग उस वक्त हुई, जब विकास अपनी गाड़ी से जिम जा रहे थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही हमलावरों की तलाश में लग जुट गई है। पुलिस का कहना है कि घटना सुबह 9 बजकर 2 मिनट पर हुई, जब विकास सेक्टर-9 की हुडा मार्केट में पीएचसी में जिम करने पहुंचे थे।

जैसे ही विकास अपनी गाड़ी से उतरे, वैसे ही हमलावरों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दी। विकास पर करीब 10 से 12 गोलियां उन पर दागी गई।

## लुधियाना सेंट्रल जेल में बवाल, एक की मौत

### » कैदियों ने फूंकी डीएसपी की गाड़ी

**लुधियाना (आरएनएस)।** पंजाब के लुधियाना से बड़ी खबर है। यहां वीरवार को सेंट्रल जेल में कैदियों के दो गुटों में भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत के बाद पुलिस व जेल प्रशासन ने स्थिति संभालते हुए गार्द बढ़ा दी है। खबर लिखे जाने तक जो जानकारी सामने आई उसके मुताबिक अभी भी जेल में फायरिंग की आवाजें काफी देर तक सुनाई दी और ईट-पत्थर फेंके जा रहे हैं। फायर ब्रिगेड की गाडियां जेल में पहुंच चुकी हैं क्योंकि कैदियों ने कई बैरकों में आग लगा दी है। जेल में मौजूद 150 के करीब बदमाश पुलिस के साथ भिड़ गए। जिसके हाथ में जो आया, उसी के साथ टूट पड़ा।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक कैदी संदीप सूद की मौत हो गई है और 9 जेल से भाग निकले हैं जिनमें से 3 कैदियों को पकड़ लिया गया है। कैदियों ने डीएसपी की गाड़ी को आग लगा दी है। पुलिस को झगड़ा कर रहे लोगों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी कर दिए हैं। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।